वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :2 अंक : 262 मंगलवार 17 जनवरी 2023 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

# पेपरलीक के दलालों की बजाय सरगना को पकड़ें: पायलट

### जब भी एग्जाम कैंसिल होने की खबर सुनता हूं, मन आहत होता है...

**जयपुर. शाबाश इंडिया**




राजस्थान में भर्ती परीक्षाओं के पेपरलीक होने और इससे बेरोजगारों को होने वाले नुकसान को लेकर पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट ने इशारों में अपनी ही सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि नौजवानों के भविष्य की चिंता हम सबको है। सच बताता हूं, जब भी खबर पढ़ता हूं कि हमारे प्रदेश में कभी पेपर लीक हो गए, कभी परीक्षा कैंसिल हो गई तो मन आहत होता है। पीड़ा होती है। पायलट सोमवार को नागौर के परबतसर में किसान सम्मेलन में बोल रहे थे। पायलट ने कहा कि गांव का नौजवान अगर परीक्षा की तैयारी करता है तो उसके माता-पिता को कितनी तकलीफ उठानी पड़ती है? कहां से वह ट्यूशन के पैसे लाते हैं, कहां से वह किताबों के पैसे लाते हैं। दिन-रात मेहनत करता है। विपरीत हालात में परीक्षा की तैयारी करता है। उन्होंने कहा कि गांव का नौजवान जब विपरीत हालात में पढ़ाई करके परीक्षा देता है, ऐसे में जब पेपर लीक होने के मामले सामने आते हैं तो सच में मन बहुत आहत होता है। मैं उम्मीद करता हूं कि ये जो छोटी मोटी दलाली करते हैं। बजाय इनके सरगना को पकड़ना चाहिए। क्योंकि इस देश का नौजवान अगर सही रास्ते पर नहीं चलेगा। उसे उसकी मेहनत का फल नहीं मिलेगा। उसके विश्वास में कमी आ जाएगी तो यह हमारे देश और प्रदेश के लिए अच्छा संकेत नहीं है।

### पांच साल हमने धरने दिए, लाठियां खाईं

पायलट ने कहा- पिछले चुनावों में कांग्रेस के 21 विधायक रह गए थे, बीजेपी 163 सीटें जीतकर आई थी। पांच साल मेरी कोशिश रही कि हर कार्यकर्ता तक पहुंच सकूं। हर सीमा, हर खाई को पार कर सकें। मैं किसी के खुशी के माहौल में नहीं पहुंचा, लेकिन दुख के माहौल में जरूर शामिल हुआ। पांच साल में पदयात्रा, घेराव किए। हमने धरने दिए, लाठियां खाईं। तत्कालीन मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के क्षेत्र में बारां से झालावाड़ तक हमने किसान न्याय यात्रा निकाली। उस समय किसान की मदद नहीं हो पा रही थी। मेरी यात्रा के बाद राजे को किसानों की मांगें माननी पड़ी थीं।

# एम एल लाठर ने ली सूचना आयुक्त पद की शपथ



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

मुख्य सूचना आयुक्त डी बी गुप्ता ने सोमवार को यहां राज्य सूचना आयोग में एम एल लाठर को सूचना आयुक्त पद की शपथ दिलवाई। इस अवसर पर गुप्ता ने कहा कि लाठर की नियुक्ति के बाद अब आयोग में सूचना आयुक्त के स्वीकृत सभी पद भर गए है। इस अवसर पर नवनियुक्त सूचना आयुक्त लाठर ने कहा कि वर्तमान युग पारदर्शिता का युग है और वे इस नवीन पद पर में पूरी निष्ठा से अपने कर्तव्य का निर्वहन करेंगे। कार्यक्रम में सूचना आयुक्त राजेन्द्र बरबड़, लक्ष्मण सिंह राठौड़, शीतल धनकड़, सूचना आयोग, सचिव प्रियंका गोस्वामी, उप सचिव सुमन मीणा सहित विभिन्न आयोग के अधिकारियों ने लाठर को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर आयोग के विभिन्न अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

# स्टार्टअप्स भारत की रीढ़, आगे बढ़ाने में निभाएं अहम भूमिका

### नेशनल स्टार्टअप डे पर विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी में पैनल डिस्कशन में एक्सपर्ट ने शेयर किए अनुभव

**जयपुर. कासं**

जगतपुरा स्थित विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी में नेशनल स्टार्टअप डे के अवसर पर फ्यूलिंग द फ्यूचर विषय पर एक पैनल डिस्कशन आयोजित किया गया। दो घंटे चले कार्यक्रम मे पेनेलिस्ट्स विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी सीईओ ओंकार बगाड़िया, ईको रैप के फाउंडर अंगराज स्वामी फाउन्डर और समर्थ गर्ग ने इंडियन स्टार्टअप ईकोसिस्टम व अपने व्यवसायिक अनुभवों को साझा किया। समारोह मे मॉडरेटर रहे एसीआईसी वीजीयू के सीईओ गौरव शर्मा सीईओ ने भी स्टार्टअप्स को भारत की रीढ़ कहा। उन्होंने कहा कि इस समय स्टार्टअप के क्षेत्र में इंडिया काफी तेजी से काम कर रहा है, छोटे–छोटे राज्यों से बड़े–बड़े स्टार्टअप निकल रहे है और यूनिकॉर्न कंपनियों में तब्दील हो रहे है। ओंकार बगाडिया ने कहा कि स्टूडेंट्स के स्टार्टअप आइडियाज को आगे बढ़ाने में हम सभी अग्रणी भूमिका निभा रहे है और जो भी अच्छा और क्रिएटिव आइडिया होगा, उसे मंच जरूर प्रदान किया जाएगा।




Reg. No. : COOP/2023/JAIPUR/204826 स्थापित - 1986 संस्थापक : स्व. श्री ज्ञान प्रकाश बख्शी
श्री दिगम्बर जैन पदयात्रा संघ, जयपुर
एस-7, अमर पथ, जनता कॉलोनी, जयपुर, मोबाईल : 98290-14617
श्री दिगम्बर जैन पदयात्रा संघ जयपुर
चलो शिखर जी
चलो शिखर जी
करुणाशील, महातपस्वी साधना महोदधि अंतर्मना आचार्य श्री 108 प्रसन्न सागर जी मुनिराज
अंतर्मना एक्सप्रेस
रेल यात्रा
गुरुवार, 26 जनवरी से मंगलवार, 31 जनवरी 2023
ऐतिहासिक पलों के साक्षी बनकर पुण्यार्जन करें।
महाप्रतिष्ठा महामहोत्सव
महापारणा महामहोत्सव
सामूहिक पर्वत वन्दना
स्लीपर क्लास सीट सहयोग राशि 4000/- प्रति यात्री
थर्ड एसी सीट सहयोग राशि 7000/- प्रति यात्री
सैकण्ड एसी सीट सहयोग राशि 9000/- प्रति यात्री
सीट बुक करवाने की अन्तिम तिथि 20 जनवरी 2023
सीट पहले आओ पहले पाओ के आधार पर बुक की जायेगी।
सहयोग राशि में ट्रेन किराया सहित भोजन, आवास एवं बस सुविधा सम्मिलित है।
सीट बुक करवाने हेतु आधार कार्ड की फोटो प्रति एवं नकद राशि जमा करवाना अनिवार्य होगा।
कार्यक्रम में परिवर्तन/परिवर्धन का अधिकार संरक्षक/मुख्य संयोजक को होगा।
आपका सौभाग्य आपको पुकार रहा है चलो सम्मेद शिखर जी
संरक्षक
सुभाष चन्द जैन
98290-14617
मुख्य संयोजक
शैलेन्द्र साह (चीकू)
94142-38656
रेल्वे समन्वयक
आर.के. जैन रेल्वे
63505-70300
जयपुर से श्री सम्मेद शिखर जी स्पेशल अंतर्मना रेल यात्रा
सीट बुक करवाने हेतु निम्न संयोजकों से सम्पर्क करें-
सुरेश ठोलिया 98292-45642
प्रकाश गंगवाल 94146-06465
सूर्य प्रकाश छाबड़ा 94140-72214
अमरचन्द दीवान खोराबीसल 99288-52440
विनेश सौगानी 98291-50784
मनीष लुहाड़िया 94140-78073
विनोद जैन कोटखावदा 90575-55542
जिनेन्द्र जैन 94147-95464
सह-संयोजक
सलिल जैन 94144-58286
राजेन्द्र जैन मोजमाबाद 93093-90002
देवेन्द्र गिरधरवाल 98298-10106
पवन जैन नैनवा 94144-60896
भागचन्द गोधा 98291-31840
गजेन्द्र शाह 98295-95725
महेश चन्द जैन 99283-89669
मयंक जैन 99505-69730
विजय बैनाड़ा 95094-90781
विक्रम पाण्ड्या 97998-74817
श्रीमती मोना जैन 93513-78523
श्रीमती दीपा गोधा 97827-31077
निवेदक - समस्त कार्यकारिणी सदस्य श्री दिगम्बर जैन पदयात्रा संघ, जयपुर



# जैन समाज की प्रतिभाओं का मेले में हुआ सम्मान

## नीचे बैठ व्यक्ति को पास बिठाने से ताकत डबल हो जायेगी : आर्यिका रत्न श्री अंतर मति माताजी

★ विजय धुर्रा को दयोदय महासंघ का प्रवक्ता मनोनीत किया

**अशोक नगर. शाबाश इंडिया**

हम थोड़ा सा झुक कर नीचे बैठ व्यक्ति को अपने पास बिठा लेते हैं तो ताकत डबल हो जायेगी लेकिन जब नीचे बैठे व्यक्ति को हीन दृष्टि से देखते हैं तो वह हमेशा के लिए हम से दूर हो जाता है ये हमारे सोच पर निर्भर करता है कि हम लोगों से क्या करा सकते हैं संगठन को चलने की क्षमता जिसमें होती है वहीं संगठक बन सकता है अच्छे संगठक बनने के लिए अपने अंहकार अपने इगो को दबाना पड़ेगा तब कही उपलब्धि मिलेगा उक्त आश्य के उद्गार आर्यिका रत्न श्री अंतर मति माताजी ने दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी में प्रतिभा सम्मान समारोह को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए इस दौरान दयोदय महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेम चंद प्रेमी ने थूवोनजी कमेटी के प्रचार मंत्री विजय धुर्रा को दयोदय महासंघ का राष्ट्रीय प्रवक्ता घोषित किया।

### स्मृति चिन्ह भेंट कर प्रतिभाओं का किया सम्मान

इसके पहले मध्यप्रदेश सरकार के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री ब्रजेन्द्र सिंह यादव, अशोक नगर विधायक जजपाल सिंह जज्जी, दयोदय महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेम चंद प्रेमी द्वारा जैन जनप्रतिनिधि का सम्मान कमेटी के अध्यक्ष अशोक जैन टिंगू, महामंत्री विपिन सिंघाई के साथ किया। प्रतिभा सम्मान में अशोक नगर नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया का सम्मान साल श्री फल प्रशस्ति पत्र भेट कर किया। वहीं जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती विजय लक्ष्मी जैन, नपा उपाध्यक्ष श्रीमति श्वेता मनीष कुमार मोदी, मुंगावली ईसागढ़ पार्षद जोली जैन, चन्देरी पार्षद जैनिश रोकड़िया, अशोक नगर पार्षद रीतेश जैन, सालनी खेरा कचंनार सरपंच अनीता अरविंद कचंनार, अमित धमासिया प्राणपुरा वरवाई सरपंच, दयोदय महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेम चंद प्रेमी, महासचिव राकेश लालाजी सहित अन्य जनप्रतिनिधि का सम्मान कमेटी के अध्यक्ष अशोक जैन टींगू, उपाध्यक्ष राकेश अमरोद, गिरिष अथाइखेडा, धर्मेन्द्र रोकड़िया, महामंत्री विपिन सिंघाई, मंत्री विनोद मोदी, राजेन्द्र हलवाई, प्रदीप रानी, कोषाध्यक्ष सौरव वाझल, प्रचार मंत्री विजय धुर्रा, मिडिया प्रभारी अरविंद जैन, आडिटर राजीव चन्देरी ने किया



### एक बार मुनिश्री सुधा सागरजी महाराज आ गये तो ये क्षेत्र चमन हो जायेगा: विधायक जज्जी

इस दौरान विधायक जजपाल सिंह जज्जी ने कहा कि थूवोनजी में एक बार मुनिश्री सुधा सागरजी महाराज का पदार्पण हो जाये फिर देखना थूवोनजी कहा पहुंचता है हम जैन समाज के साथ अभी पास में गये थे मुझे पूरा विश्वास है कि महाराज श्री हमारे क्षेत्र में आयेंगे और ये पूरा क्षेत्र चमन हो जायेगा अभी कुछ दिन पहले जैन समाज की चिंता का कारण सम्मेद शिखर जी तीर्थ को लेकर आया था प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सम्मेद शिखर जी के साथ ही देश के समस्त तीर्थों की चिंता करते हुए उनकी पवित्रता की बात कही है ये तीर्थ नहीं बल्कि देश की संस्कृति का आइना है आने वाला भविष्य इन सांस्कृतिक विरासत को देख कर हमारी संस्कृति को समझेगा मैं तो हमेशा कहता हूं मैं जैन समाज के बीच बचपन से रहा हूं और मुझे अपने पर फख्र है मैं जहां से जनप्रतिनिधि बना वह इतने अच्छे लोग रहते हैं।

### मैं सौभाग्य शाली हूं कि मेरा गांव थूवोनजी तीर्थ के पास है: मंत्री ब्रजेन्द्र सिंह यादव

मध्यप्रदेश सरकार के मंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री ब्रजेन्द्र सिंह यादव ने कहा कि मुझे प्रदेश को पानी पिलाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है फिर मेरे जिले में थूवोनजी तीर्थ है जहां देशभर से यात्री आते हैं तो सरकार की इस योजना को लागू कराने के लिए सभी आवश्यक कार्य वहीं हो गई है थूवोनजी के साथ करीला धाम में भी ये सुविधा होने वाली है वैसे भी मैं भाग्यशाली हूं कि मैं इस तीर्थ पर जो भी संत मुनि महाराज माताजी आती है हमारा गांव अमरोद बीच में ही पड़ता है और हमारे परिवार को संतों विश्राम व सेवा का अवसर मिलता रहता है इसके पहले दयोदय महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेम चंद प्रेमी ने कहा कि आचार्य श्री की प्रेरणा से जीव दया और गौसेवा के क्षेत्र में बहुत कार्य हो रहा है आपके यहां से राकेश लालाजी के बाद राष्ट्रीय प्रवक्ता के रूप में विजय धुर्रा सम्मलित कर रहे हैं वे अपनी पूरी ऊर्जा से कार्य करेंगे। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने कहा कि थूवोनजी कमेटी ने इन बीते वर्षों में बहुत काम किया है और वह सभी को देखने में आ रहा है।

### आर्यिका संघ का हुआ विहार

थूवोनजी कमेटी के प्रचार मंत्री विजय धुर्रा ने बताया कि आर्यिकारत्न श्री अंतर मति माताजी ससंघ का मंगल विहार ग्राम तगारी के लिए एवं आर्यिका रत्न श्री सूत्र मति माताजी ससंघ सोलह आर्यिका माताजी का विहार हाट के पूरा के लिए हो गया।

## वेद ज्ञान

### अपना पथ खुद चुनें...

हर इंसान को अपना पथ खुद चुनना पड़ता है और उस पर प्रदर्शन भी उसे अपनी सामर्थ्य के अनुरूप करना होता है। ऐसा इसलिए, क्योंकि हर व्यक्ति के लिए देश, काल और परिस्थितियां अलग-अलग होती हैं। किसी और के बनाए गए रास्ते पर चलना श्रेयस्कर नहीं है। इससे हमारी सफलता भी संदिग्ध हो जाती है। इसे ऐसे भी कहा जा सकता है कि हम कभी भी महात्मा गांधी, स्वामी विवेकानंद, महात्मा बुद्ध आदि आत्माओं की तरह नहीं हो सकते। ये सभी अपनी तरह के इकलौते थे। चूंकि ये महान आत्माएं हैं, इसलिए इनमें बहुत-सी समानताएं जरूर हो सकती हैं, लेकिन इसके बावजूद इनकी कोई न कोई बात या गुण इन्हें भी एक-दूसरे से भिन्न बना देती है। जब भी हम किसी दूसरे की तरह बनने की कोशिश करते हैं, हम न उसकी तरह बन पाते हैं, बल्कि हम अपना अस्तित्व भी खत्म कर देते हैं। इसलिए हमें किसी अन्य का आवरण ओढ़ने की बजाय अपने अस्तित्व को उभारने की कोशिश करनी चाहिए। हम सभी के भीतर कुछ न कुछ ऐसा होता है, जो हमें दूसरों से अलग करता है, लेकिन जो व्यक्ति अपने भीतर की ऊर्जा को जान लेता है और उसका सकारात्मक उपयोग करता है, वह महात्मा हो जाता है। यह जरूर हो सकता है कि इन महान आत्माओं के अनुभवों-विचारों से हम अपने जीवन में सीख ले सकते हैं। कहने का सार यही है कि हर व्यक्ति को अपनी मंजिल खुद से चुननी पड़ती है और उस तक पहुंचने का रास्ता भी उसे खुद बनाना पड़ता है। कवि मैथलीशरण गुप्त कहते हैं, नर को कभी निराश नहीं होना चाहिए और उसे अपने जन्म का उद्देश्य खोजकर अपने जीवन को सुयोग बनाना चाहिए। हम सबके जीवन का कोई न कोई उद्देश्य जरूर होना चाहिए और हमें हर हाल में इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए प्रयास करना चाहिए। उद्देश्य तय होने के बाद उसकी प्राप्ति तक हर व्यक्ति को खुद पर विश्वास करना चाहिए, क्योंकि सबल आत्मविश्वास से ही असंभव से लगने वाले कार्य को भी सिद्ध किया जा सकता है। स्वामी विवेकानंद का कहना है कि हर इंसान की एक बार ही मृत्यु होती है, इसलिए अपने काम में इस साहस के साथ लगे रहें कि मेरा जन्म कोई बड़ा काम करने के लिए हुआ है।

## संपादकीय

# खुदरा महंगाई दर पिछले एक साल में सबसे नीचे

यह जगजाहिर है कि पिछले करीब ढाई-तीन साल के दौरान आम लोगों के लिए महंगाई कैसी समस्या बन चुकी है। आय के मुकाबले बाजार में न केवल आम उपयोग के, बल्कि जीवन के लिए जरूरी चीजों की कीमतें भी जिस स्तर पर बनी हुई थीं, उससे लोगों की परेशानी बढ़ी। हालांकि इस बीच सरकार ने लगातार ऐसे प्रयास किए, जिससे जरूरत की वस्तुओं के मूल्य कुछ स्थिर हो सकें। लेकिन बाजार की अपनी गति रही और महंगाई की चुनौती बनी रही। काफी समय बाद अब इस मोर्चे पर साधारण लोगों के लिए यह राहत की खबर है कि खुदरा महंगाई दर पिछले एक साल में सबसे नीचे पहुंच गई है। दरअसल, बीते साल नवंबर के मुकाबले दिसंबर में खुदरा महंगाई दर में आई कमी ने एक बार फिर यह उम्मीद पैदा की है कि अगर यह स्थिति बनी रहती है तो देश की अर्थव्यवस्था धीरे-धीरे पटरी पर आ जाएगी। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, नवंबर 2022 में खुदरा महंगाई दर जहां 5.88 फीसद थी, वह दिसंबर में यह 5.72 फीसद दर्ज की गई। हो सकता है कि आंकड़ों के लिहाज से इसे कोई बड़ा फेरबदल नहीं माना जाए, लेकिन कई बार बाजार में जरूरी चीजों की कीमतों में आई कुछ कमी साधारण लोगों के लिए किसी उम्मीद कम नहीं होती। बाजार में जरूरी चीजों के खुदरा मूल्यों में आई गिरावट को जहां देश में एक बड़ी समस्या से राहत के रूप में देखा जा रहा है, वहीं इसकी अहमियत इस रूप में भी दर्ज की जा रही है कि जिस दौर में समूची दुनिया महंगाई से उपजी समस्याओं का सामना कर रही है, वैसे में भारत ने इस मोर्चे पर उभरी मुश्किलों को कुछ कम करने में कामयाबी हासिल की है। गौरतलब है कि खुले बाजार में खुदरा महंगाई दर के आकलन के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक को आधार बनाया जाता है, जिसमें ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में सेवाओं के इस्तेमाल को कसौटी माना जाता है। इसमें ग्रामीण क्षेत्र के लिए चार सौ अड़तालीस और शहरी क्षेत्रों के लिए चार सौ साठ वस्तुओं और सेवाओं को शामिल किया गया है। यों खुले बाजार में ऐसी तमाम वस्तुएं होती हैं, जिनकी कीमतों तक लोगों की पहुंच उसकी खरीदारी को तय करती है। लेकिन मुख्य रूप से रोजमर्रा की जरूरी और खासतौर पर खाने-पीने की चीजों के दाम से महंगाई की तीव्रता दर्ज की जाती है। यह छिपा नहीं है कि पिछले काफी समय से सब्जियों के ऊंचे दाम ने लोगों की थाली को कुछ हद तक खाली रखना शुरू कर दिया था। अब इस मौसम में सब्जियों के साथ-साथ कुछ अन्य खाद्यान्नों की कीमत कम होने से महंगाई की चुनौती कमजोर पड़ती दिख रही है। दरअसल, खरीफ फसलों की कटाई नवंबर तक पूरी हो जाती है और उनके बाजार में आने से इस मामले में मदद मिलती है। यों सरकार ने भारतीय रिजर्व बैंक को खुदरा महंगाई को दो फीसद के उतार-चढ़ाव के साथ चार फीसद पर बनाए रखने का लक्ष्य दिया हुआ है। लेकिन जरूरी वस्तुओं की कीमतें लोगों को तब सताने लगती हैं जब कम या ठहरी हुई आय की वजह से उनकी क्रयशक्ति कम हो जाती है। **-राकेश जैन गोदिका**



## परिदृश्य

# हादसों का दायरा

अमूमन हर क्षेत्र में बढ़ती जागरूकता, संसाधनों और सुविधाओं के विस्तार के दौर में उम्मीद यही बंधती है कि रोजमर्रा की गतिविधियों में चूक और लापरवाही में कमी आएगी और हादसों में जानमाल के नुकसान से बचा जा सकेगा। विडंबना यह है कि सुविधाओं के साथ कई लोग इसके उपयोग को लेकर सावधानी और सजगता का खयाल नहीं रख पाते, जिसकी वजह से लोगों की नाहक ही जान चली जाती है। महाराष्ट्र के नासिक में शुक्रवार की सुबह एक तेज रफ्तार बस और ट्रक की टक्कर में कम से कम दस लोगों की जान चली गई और बीस से ज्यादा लोग घायल हो गए। निश्चित रूप से यह आए दिन होने वाली सड़क दुर्घटनाओं की ही अगली कड़ी है, लेकिन ऐसी हर घटना यही बताती है कि किसी मामूली-सी चूक या लापरवाही की वजह से वाहनों में सवार वैसे लोगों की जान चली जाती है, जो अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए घर से निकले होते हैं। नासिक में हुए हादसे में खबरों के मुताबिक बस की रफ्तार काफी तेज थी। यानी केवल रफ्तार को काबू में रख कर बस का चालक सभी यात्रियों को सुरक्षित अपने घर या उनकी जरूरत की जगह पर पहुंचा सकता था। एक रिवायत की तरह अब सरकार की ओर से दुर्घटना के कारणों की जांच कराने और पीड़ितों या हताहतों को राहत पहुंचाने के मकसद से मुआवजा देने घोषित की गई है। लेकिन सच यह है कि ऐसे हर मौके पर औपचारिक घोषणाओं में तात्कालिक मदद से आगे इस तरह की समस्या का कोई दीर्घकालिक समाधान नहीं निकलता। महाराष्ट्र में नासिक-औरंगाबाद राजमार्ग पर हुए ताजा हादसे के बाद यह जरूर कहा गया है कि अधिकारी शहर और जिले में दुर्घटना संभावित क्षेत्रों की पहचान के लिए काम कर रहे हैं। यह एक विचित्र औपचारिकता है कि सरकार या संबंधित महकमों की नींद तभी खुलती है जब कोई बड़ी घटना हो जाती है और वह आम जनता के बीच चर्चा का मुद्दा बन जाती है। वरना क्या वजह है कि उन्नत अभियांत्रिकी के विकास के दौर में राजमार्ग जैसी जगहों पर सड़क बनाते हुए इस पर गौर करना जरूरी नहीं समझा जाता है कि किन-किन खास स्थानों पर और कैसी वजहों से हादसे हो सकते हैं। अगर वक्त पर ऐसी जगहें और वजहें चिह्नित कर ली जाएं, तो शायद बहुत सारे हादसे रोके जा सकते हैं और लोगों की जिंदगी बचाई जा सकती है। अफसोस की बात यह है कि हमारे यहां किसी विपदा की आशंका और उसके पूर्व आकलन को बहुत जरूरी नहीं समझा जाता है। यह बेवजह नहीं है कि आम लोग किसी हादसे का शिकार होने से पहले तक उससे बचाव के उपायों पर ध्यान नहीं देते हैं जबकि आधुनिक तकनीकी और संसाधनों का एक पहलू यह भी है कि ये जिस हद तक सुविधाजनक हैं, मामूली लापरवाही की स्थिति में उसी अनुपात में जोखिम के वाहक भी हैं। पानीपत में एक दंपती और चार बच्चे सिर्फ इसलिए जिंदा जल कर खाक हो गए कि उनका ध्यान इस पर नहीं गया कि उनके घर में गैस लीक होकर भर गया है। यह घटना गैस सिलेंडर में आई खराबी या फिर चूक की वजह से लीक होने से भी हुई हो सकती है, लेकिन अगर सिर्फ इस ओर किसी का ध्यान चला गया होता तो सबकी जान बच सकती थी। त्रासदी यह है कि हर साल सड़क और अन्य हादसों के सिलसिले बदस्तूर कायम हैं, जिनमें हजारों वैसे लोगों की जान चली जाती है, जिन्हें मामूली सावधानी बरत कर बचाया जा सकता था।


श्री 1008 शांतिनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर, सेक्टर- 8
प्रताप नगर, जयपुर
श्री 1008 मज्जिनेन्द्र शान्तिनाथ जिनबिम्ब
पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव
विश्व शांति महायज्ञ
27 जनवरी से 01 फरवरी, 2023
आत्मीय आमंत्रण
महोत्सव के गौरवमयी पात्र
पावन सान्निध्य..
पूज्य उपाध्याय श्री 108
ऊर्जयन्तसागर जी मुनिराज
प्रेरणास्रोत
गणिनी आर्यिका
105 श्री विशुद्धमति माताजी
: प्रतिष्ठाचार्य :
पं. सुधीर जी मार्तण्ड
: वास्तुकार :
श्री राजकुमार जी कोठ्यारी
कवि सम्मेलन
मांगलिक कार्यक्रम
गर्भ कल्याणक शुक्रवार 27 जनवरी 2023
गर्भ कल्याणक शनिवार 28 जनवरी 2023
जन्म कल्याणक रविवार 29 जनवरी 2023
तप कल्याणक सोमवार 30 जनवरी 2023
केवलज्ञान कल्याणक मंगलवार 31 जनवरी 2023
मोक्ष कल्याणक बुधवार 1 फरवरी 2023
आयोजक : श्री मज्जिनेन्द्र पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव समिति- जयपुर
कमलेश जैन बाबड़ीवाले
अध्यक्ष
96678-72547
कमल चन्द सौगानी
जिनेन्द्र जैन 'जीतू'
संयोजक
98298-04878
प्रमोद जैन बाबड़ीवाले
संयोजक
93514-30066
शिखर जैन सारसोप
संयोजक
94147-17682
मनीष जैन टोरड़ी
बाबूलाल जैन ईटून्दा
मंत्री
99507-22586
: निवेदक :
श्री शान्तिनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर समिति
प्रताप नगर सेक्टर-8, जयपुर
सहयोगी संस्था- श्री शान्तिनाथ दिगम्बर जैन महिला मण्डल ■ श्री शान्तिनाथ दिगम्बर जैन युवा मण्डल
विशुद्ध वर्धिनी बहु कला मण्डल, प्रताप नगर सेक्टर-8, जयपुर
: विनीत :
सकल दिगम्बर जैन समाज
प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर

# नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर मे 1000 लोगों की आंखों की जांच की गई





## 227 मरीजों के मोतियाबिंद के ऑपरेशन हुए

**राजाखेड़ा, धौलपुर. शाबाश इंडिया**

पूज्य माताजी स्व. श्रीमती भगवान देवी जैन जी की पुण्य स्मृति में शशि कमलेश जैन द्वारा प्रति माह की 8 तारीख को निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन राजाखेड़ा व मनियां में किया जाता है। 8 दिसंबर, 2022 को आयोजित कैम्प में 287 मरीजों के मोतियाबिंद के ऑपरेशन हुए व उनकी आंखों को नई रोशनी मिली । 8 जनवरी 2023 को राजाखेड़ा जिला धौलपुर में आयोजित निशुल्क नेत्र चिकित्सा कैम्प में करीब 1000 लोगों की आंखों की जांच की गई व सभी को निशुल्क दवाइयां वितरित की गईं व 227 मरीजों के मोतियाबिंद के ऑपरेशन हुए। कैम्प के समापन समारोह पर दिनांक 15 जनवरी को सभी मरीजों की आंखों का पुनः निरीक्षण किया गया तथा सभी मरीजों को कम्बल वितरण कर सम्मानित किया गया व स्वादिष्ट भोजन कराने के बाद विदाई की गई । सभी मरीजों की आंखों में अच्छी रोशनी आने से सभी बहुत ही खुश थे। शिविर के समापन पर सीए कमलेश जैन ने समारोह में पधारे सभी लोगों का स्वागत किया व अपने स्वागत उद्बोधन में कहा कि वह राजाखेड़ा क्षेत्र को मोतियाबिंद रहित क्षेत्र बनाना चाहते हैं, सभी मरीजों को कहा कि यदि आप सभी आंखों के ऑपरेशन से संतुष्ट हैं तो अपने आस पास के क्षेत्र के लोगों को बोलिएगा कि यदि किसी की भी आंखों में कोई भी समस्या है तो वह अगले महीने की 8 तारीख को आएं व शिविर का लाभ लें। श्रीमती शशि कमलेश जैन ने कहा कि पीड़ित मानवता की सेवा सबसे बड़ा धर्म है, बुजुर्गो व जरूरतमंद लोगों की सेवा करना ईश्वर की सेवा करने के समान है, और जो सुख किसी की सेवा करने में या किसी को कुछ देने में मिलता है वह किसी से लेने में मिल ही नहीं सकता। हमें जितना हो सके जरूरतमंद लोगों की सेवा अवश्य ही करनी चाहिए और सेवा के आनंद लेना चाहिए । कैम्प के समापन में राजाखेड़ा के एसडीएम देवी सिंह, नगरपालिका चेयरमैन वीरेन्द्र जादौन, पूर्व चेयरमैन अजब सिंह, अंबाह के वरिष्ठ समाजसेवी अशोक जैन एडवोकेट, उत्तम दीक्षित, विनोद बिहारी पूर्णरावत, झम्मन लाल जैन, सुरेश चंद जैन, प्रिंस जैन, पंकज जैन, पूरन चंद जैन, सीए प्रिंस जैन, दिलीप जैन, प्रिंस गुप्ता व कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित हुए ।

## नुक्कड़ नाटक ''संभलो भाई संभलो'' के जरिए दिया मैसेज

**जयपुर. कासं**

परिवहन विभाग राजस्थान सरकार व परम्परा नाट्य समिति की ओर से रोहित पब्लिक स्कूल प्रांगण में नाट्य कलाकार दिलीप भट्ट के निर्देशन में नुक्कड़ नाटक ''संभलो भाई संभलो'' का मंचन किया गया। स्कूल के स्टूडेंट्स के सामने सड़क सुरक्षा के नियमों से सम्बन्धित नाटक का सशक्त मंचन किया। ट्रेफिक के नियमों का पालन करना, लाइसेन्स, हेलमेट, पंजीयन व ट्रेफिक रूल्स के बारे में जानकारी देने के साथ उनका पालन करने के लिए स्टूडेंट्स को शपथ दिलाई गई। इसमें बच्चों में जागरूक करने के साथ वे अपने माता-पिता, भाई-बहनों को भी इसकी जानकारी दे सकें, इसके लिए भी मॉटिवेट किया गया। नाटक में दिलीप भट्ट, शशांक सैनी, सचिन भट्ट, देवेन्द्र व हर्ष भट्ट ने अभिनय किया। ट्रेफिक निरीक्षक चेतन सैनी ने स्टूडेंट्स को सचेत रहने का संदेश दिया।


श्री अनिल जी – प्रेमा जी रावका

दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति के निवर्तमान सचिव




की वैवाहिक वर्षगांठ (17 जनवरी) पर

हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं



शुभेच्छु

**अध्यक्ष:** राकेश-समता गोदिका, **परामर्शक:** दिनेश-संगीता गंगवाल

**कार्याध्यक्ष:** मनीष - शोभना लोंग्या, **सचिव:** अनिल - निशा संघी, **कोषाध्यक्ष:** अनिल - अनिता जैन

एवं समस्त सदस्य दिग. जैन सोशल ग्रुप सन्मति, जयपुर





परम पूज्य मुनिकुंजर आचार्य श्री 108 आदिसागर जी महाराज (अंकलीकर) के चतुर्थ पट्टाधीश



# श्री दिगम्बर जैन मन्दिर जी ठोलियान

मेन बाजार,
सिटी बस स्टेण्ड के पास,
**सांगानेर,**
जयपुर

## आचार्य श्री 108 सुनीलसागरजी महाराज

ससंघ के पावन सान्निध्य में

**60 पिच्छी**

## 500 वर्षों से प्राचीन अतिशयकारी जिनबिम्बों का प्रथम बार महामस्तकाभिषेक

**चलो सांगानेर**

**20 21 22 जनवरी, 2023**



विधानाचार्य.....
पं. सनत कुमार जी जैन

# सांगानेर में भू-गर्भ स्थित जिनालय के ऐतिहासिक दर्शनों का लाभ

सांगानेर के श्री दिगम्बर जैन मन्दिर जी ठोलियान, मेन बाजार में स्थित भू-गर्भ में विराजित लगभग 500 वर्ष प्राचीन अतिशयकारी जिनबिम्बों का प्रथम बार महामस्तकाभिषेक करने का सौभाग्य संत साधना के शिखर तपस्वी सम्राट आचार्य श्री 108 सन्मतिसागर जी महाराज के पट्टाधीश प्राकृत मनीषी आचार्य श्री 108 सुनीलसागर जी महाराज की पावन प्रेरणा एवं मार्गदर्शन व ससंघ सान्निध्य में प्राप्त हो रहा है। सांगानेर के इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बन कर पुण्यार्जक बनने का अवसर प्राप्त करें।

**20 जनवरी 2023**

भू-गर्भ में स्थित विशाल चैत्यालय को आचार्य श्री सुनील सागर जी महाराज अपने कर-कमलों से तलघर से लाकर मंत्राराधना पूर्वक जिनालय में शुक्रवार-दिनांक 20 जनवरी, 2023 को प्रात: 10.30 बजे विराजमान कर के विधि-विधान पूर्वक श्रीजी का प्रथम कलश से इन्द्रगण महामस्तकाभिषेक करने का सौभाग्य प्राप्त करेंगे, साथ ही साधर्मी बन्धुवर पंचामृत अभिषेक करने का सौभाग्य प्राप्त कर पुण्यार्जन करेंगे। जलाभिषेक प्रारम्भ होने के पश्चात् सायंकाल 4.00 बजे तक ही अभिषेक कर सकेंगे। तत्पश्चात् महाआरती होगी।

प्रात: 10.30 बजे - अतिशयकारी जिनबिम्बों को गर्भगृह से बाहर लाकर विराजमान करना
प्रात: 11.15 बजे - प्रथम महामस्तकाभिषेक एवं पंचामृत अभिषेक, शांतिधारा
प्रात: 12.30 बजे - जलाभिषेक कूपन प्राप्तकर्त्ताओं द्वारा
सायं 6.15 बजे - महाआरती

**21 जनवरी 2023**

शनिवार- दिनांक 21 जनवरी, 2023 को प्रात: 8.45 बजे जलाभिषेक पंचामृत-अभिषेक व शान्तिधारा पूज्य आचार्य श्री ससंघ के सान्निध्य में प्रारम्भ होगा। पश्चात् भक्तगण व्यवस्थानुसार अभिषेक कर सकेंगे। व्यवस्था हेतु अभिषेककर्त्ता अपने साथ अभिषेक कूपन साथ में लेकर आवें। द्वितीय दिवस में अभिषेक सायंकाल 4.00 बजे तक ही कर सकेंगे तत्पश्चात् महाआरती होगी।

प्रात: 8.45 बजे - जलाभिषेक, पंचामृत-अभिषेक व शान्तिधारा
प्रात: 10.30 बजे से - जलाभिषेक कूपन प्राप्तकर्त्ताओं द्वारा
सायं 6.15 बजे - महाआरती

**22 जनवरी 2023**

रविवार- दिनांक 22 जनवरी, 2023 को प्रात: 8.45 बजे जलाभिषेक, पंचामृत-अभिषेक व शान्तिधारा पूज्य आचार्य ससंघ के सान्निध्य में प्रारम्भ होगा। पश्चात् भक्तगण व्यवस्थानुसार अभिषेक कर सकेंगे। अभिषेककर्त्ता अपने कूपन साथ में लेकर आवें। तृतीय दिवस में अभिषेक सायंकाल 4.00 बजे तक ही कर सकेंगे। तत्पश्चात् महाआरती होगी। आचार्य श्री की आज्ञानुसार सायं 4.15 बजे जिनबिम्बों को यथा स्थित - यथा स्थान भू-गर्भ में विराजमान किया जायेगा।

प्रात: 8.45 बजे - जलाभिषेक, पंचामृत-अभिषेक व शान्तिधारा
प्रात: 10.15 बजे से - जलाभिषेक कूपन प्राप्तकर्त्ताओं द्वारा
सायं 4.00 बजे - महाआरती
सायं 4.15 बजे - जिनबिम्बों को यथा स्थित - यथा स्थान भू:गर्भ में विराजमान

**अत: सभी साधर्मी महानुभावों से अनुरोध हैं कि इस महापुण्य में सहभागी बनकर धर्मलाभ प्राप्त करें.**

**अभिषेक कूपन प्राप्ति स्थान... श्री दिगम्बर जैन मन्दिर जी ठोलियान्, सांगानेर एवं जौहरी बाजार, जयपुर**

**कलश कूपन** सहयोग राशि : 1100/-

अभिषेक हेतु धोती-दुपट्टा मन्दिर जी गोदिकान् एवं पाटनीयान् परिसर में उपलब्ध रहेंगे।

सम्पर्क सूत्र.. निर्मल चाँदकीका 93144-55388 | प्रदीप ठोलिया 90796-96955 | मीनू सोंगानी 82792-45278

आपणी दुकान, सांगानेर 63771-17873

आयोजक : प्रबन्धसमिति-श्री दिगम्बर जैन मन्दिर जी ठोलियान, घी वालों का रास्ता, जौहरी बाजार, जयपुर

श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मण्डल, सांगानेर 98870-29876, 97723-55888, 98870-56180

निवेदक : सकल दिगम्बर जैन समाज, सांगानेर, जयपुर

# मोनालिसा कैमरा क्लब द्वारा नववर्ष मिलन समारोह आयोजित

**उदयपुर. शाबाश इंडिया**

राजस्थान के एकमात्र महिला कैमरा क्लब (मोनालिसा कैमरा क्लब) की ओर से सोमवार को नए कैलेंडर वर्ष साल 2023 और मकर संक्रांति पर्व हर्ष उल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर कई पारम्परिक खेलों का आयोजन सक्रिय सदस्य संगीता एवं दीपमाला के नेतृत्व में संचालित किए गए। नव वर्ष स्वागत गीत-नृत्य, पतंगबाजी और तिल गुड़ के लजीज व्यंजनों की मीठी खुशबू के बीच सभी सदस्याओं ने इवेंट फोटोग्राफी कंपीटिशन में भागीदारी निभाई। जिनके विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन अनिता सिंघी ने किया। इस अवसर पर कैमरा क्लब अध्यक्ष अनिता भाणावत, सचिव डा.अनिता सिंघी, कुसुम मेहता, अनुपमा लोढ़ा, साधना तलेसरा, वैशाली मोटवानी, पूर्णिमा जैन सहित अन्य कई सदस्याएं मौजूद थी। रिपोर्ट: राकेश शर्मा 'राजदीप' मोबाइल:9829050939




## सफलताओं के सौ बाप होते हैं, और असफलता तो अनाथ होती है : अन्तर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी महाराज



सम्मेद शिखर जी. शाबाश इंडिया। संसार में कोई भी कार्य कठिन नहीं है, हम ही आलसी और मन के गुलाम हो गये हैं। राग और विराग, संसार और सन्यास, निवृत्ति और प्रवृत्ति -- मानव जीवन के मन की यही विशेषताएं हैं। कुछ चीजे हमें अपनी ओर खींचती है, और कुछ से हम दूरी बनाकर रखते हैं। मनुष्य के मन की तर्क शक्ति बड़ी प्रबल है। वह असत्य के पक्ष में जोरदार दलीलें दे सकता है और वह जीवन भर एक सत्य पर टिक नहीं पाता, क्योंकि परिवर्तन मनुष्य का स्वभाव और नियति है।

## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# पंजाबी समाज कामां ने सामाजिक सौहार्द की दी मिसाल

### टोडरमल जैन के प्रति कृतज्ञता जाहिर कर सेवा समर्पण पत्र किया भेंट



**कामां. शाबाश इंडिया।** कामां से प्रारम्भ हुई परम्परा भारत मे बनेगी इतिहास। 300 वर्ष से ज्यादा समय बीत जाने के पश्चात भी पंजाबी समाज ने दीवान टोडरमल जैन के सेवा समर्पण भाव को याद करते हुए, जैन समाज के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी गण को गुरुद्वारा श्री सिंह सभा कामां में आमंत्रित कर सेवा समर्पण पत्र भेंट कर टोडरमल जैन की सेवा को याद कर कृतज्ञता प्रकट की गई। सेवादार राजेश गुलाटी ने बताया कि दीवान टोडरमल जैन साहब का पंजाबी समाज से एक ऐतिहासिक और अटूट रिश्ता है, 17 वीं शताब्दी में क्रूर मुगल शासकों द्वारा दशम पातशाह श्री गुरु गोविंद सिंह जी के छोटे साहबजादो बाबा जोरावर सिंह उम्र 9 वर्ष एवं बाबा फतेह सिंह उम्र 7 वर्ष दीवार में चिनवा दिया और शहीदी दी पर इस्लाम नही कबूला। दीवान टोडरमल जैन साहब ने 78000 खड़ी मोहरे बिछाकर 4 गज जमीन सरहिंद पंजाब के नवाब वजीर खान से विश्व की सबसे महंगी जमीन खरीदी थी। जिससे श्री गुरु गोबिंद सिंह के दोनो साहबजादों एवं माता गुजरी जी का अंतिम संस्कार किया जा सके। इस अवसर पर हरीश छाबड़ा ने समर्पण पत्र



पढ़ते हुए कहा कि गुरुद्वारा कामां से एक नई परम्परा प्रारम्भ हो रही है जिसकी सम्पूर्ण भारतवर्ष में मिशाल दी जाएगी। सेवादार ब्रह्मा नंद जी ने कहा कि कृतज्ञता को भुलाया नही जा सकता। जैन समाज अध्यक्ष सुभाष जैन ने कहा कि यह कदम सराहनीय है इससे आपसी सौहार्द का वातावरण निर्मित होगा। संजय जैन बड़जात्या ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि 300 वर्ष पश्चात भी सेवा को याद रखना उत्कृष्टता का उदाहरण है। जैन समाज के अध्यक्ष सुभाष जैन,संरक्षक महावीर जैन, महामंत्री विजय जैन काली, संजय जैन बड़जात्या, गौरव जैन निक्की, संजय जैन सर्राफ का सरोपा पहनाकर स्वागत सम्मान किया। इस अवसर पर पंजाबी समाज कामा के पदाधिकारी उग्रसेन सचदेवा, ब्रह्मानंद छाबड़ा, कमल अरोड़ा, सरदार दयाल सिंह, हरीश छाबड़ा, चरणजीत अरोड़ा, सरदार गुरविंदर सिंह, सतीश छाबड़ा, पवन गुलाटी, बलदेव राज अरोड़ा, सरदार धर्मेंद्र सिंह, सुमित, विपिन, जतिन, मयंक आदि उपस्थित रहे। प्रेषक:- संजय जैन बड़जात्या कामां

# शिखर जी मे अन्तर्मना के मंगल आशीर्वाद से मकर संक्रांति पर्व शांति एवं सोहार्द पूर्ण सम्पन्न हुआ




**किसी ने दुकानों से ऊपर खरीदारी नहीं की, ना डोली ली और ना बाइक ली पर आज रविवार 15 जनवरी को संभवत पिछले सारे रिकॉर्ड टूट गए। लगभग एक लाख से ऊपर,( कुछ का दावा तो सवा लाख का भी है) अजैन भाई, आज ऊपर चढ़े। आप सोच सकते हैं कि आज फिर पिछले वर्षो की तरह लोग जूते लेकर गए होंगे और उन्होंने जैन भाइयों की अपील को सुना नहीं होगा। पर आज जैसे चमत्कार हुआ, वह हो गया जो आज तक पहले कभी नहीं हुआ ।**

**सम्मेद शिखर जी. शाबाश इंडिया**

14 जनवरी को मकर संक्रांति के उपलक्ष में लगभग 25 से 30000 लोग पारसनाथ की ओर गए और पुलिस और प्रशासन की चौकस व्यवस्था में सब कुछ शांति से, सौहार्द से, प्रेम से चलता रहा। हां, किसी ने दुकानों से ऊपर खरीदारी नहीं की, ना डोली ली और ना बाइक ली पर आज रविवार 15 जनवरी को संभवत पिछले सारे रिकॉर्ड टूट गए। लगभग एक लाख से ऊपर,( कुछ का दावा तो सवा लाख का भी है) अजैन भाई, आज ऊपर चढ़े । आप सोच सकते हैं कि आज फिर पिछले वर्षो की तरह लोग जूते लेकर गए होंगे और उन्होंने जैन भाइयों की अपील को सुना नहीं होगा। पर आज जैसे चमत्कार हुआ, वह हो गया जो आज तक पहले कभी नहीं हुआ । शायद जैन समाज को भी इसकी आज तक उम्मीद नहीं होगी। आज मधुबन तलहटी में जैन समाज की सभी संस्थाएं मधुबन का जैन समाज पंचायत और साथ ही अन्य समाज की कमेटी अभी स्वच्छता समिति सहित सभी ने जैसे बंदोबस्त की कमान अपने पास लेकर सामूहिक रूप से संभाली थी जिनमें पंचायत प्रमुख सरपंच उप मुखिया थाना प्रभार आदि का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। यही नहीं सुबह 11:00 विमल सागर जी समाधि के पास एक बड़ा स्टाल आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी महाराज के आशीर्वाद से, उनकी सोच से सबने मिलकर लगाया और आप हैरान होंगे कि उनके द्वारा 60,000 से ज्यादा गुड़ चूड़ा के पैकेट बांटे गए। सबसे बड़ी जैन समाज को चौंकाने वाली बात यह रही कि कोई भी गाने बजाने का सामान ऊपर लेकर नहीं गया , जिनके पास भी थे, वह नीचे ही चेकिंग पोस्ट पर सब ने जमा करवा दिए और चमत्कार हुआ, जब डाक बंगले से आगे कुछ दूरी पर अधिकांश ने अपने जूते उतार कर, पारसनाथ टोंक पर दर्शन किए और उनके मुख से जयकारे निकल रहे थे- पारस नाथ बाबा की जय, अंतर्मना आचार्य श्री प्रसन्नसागरजी की जय। सचमुच नारे पावन पर्वत धरा को आज गदगद कर रहे थे, जो जैन समाज चाहता था, आज आदिवासी भाइयों ने मिलकर उस बात को पूरा कर दिया। यह हुआ जैन समाज और आदिवासी भाइयों के मेलजोल से , आज जो हुआ, वह ऐतिहासिक घटना बन गई और आज पहली बार ऐसा हुआ, जब मीडिया भी ऊपर टोंक पर , उन सब से इस बारे में पूछता नजर आया। संकलनकर्ता: मीडिया राज कुमार अजमेरा, कोडरमा

# यातायात नियमों की करें पालना : थानाधिकारी छोटेलाल मीणा

**निवाई. शाबाश इंडिया**



लायन्स क्लब निवाई एवं क्राइम इन्वेस्टिगेशन बोर्ड निवाई के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान को लेकर स्थानीय अहिंसा सर्किल एवं बस स्टैंड पर दुपहिया वाहन चालकों सहित रोडवेज की बस चालकों ,जीप चालको एवं राहगीरों को यातायात सुरक्षा पंपलेट वितरित करते हुए यातायात नियमों की जानकारी दी। लायंस क्लब के अध्यक्ष ज्ञानचंद जैन सोगानी ने कहा कि यातायात नियमों की जानकारी होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि छोटी सी लापरवाही से कई बड़े हादसे हो जाते हैं। जिससे कई परिवारों के दीपक बुझ जाते हैं। थानाधिकारी छोटेलाल मीणा ने कहा कि जीवन अनमोल है यातायात नियमों की जानकारी नहीं होने से आए दिन दुर्घटनाएं बढ रही है यातायात नियमों की पालना नहीं करने से कई लोगों की जाने जा चुकी है उन्होंने आहवान करते हुए कहा कि स्वयं भी यातायात नियमों का पालन करें एवं और लोगों को भी यातायात नियमों की जानकारी देवे। उन्होने बताया कि दुर्घटना व आपातकालीन स्थिति में घायल व्यक्ति की सहायता करने व घायल को अस्पताल पहुंचाने पर माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार किसी भी प्रकार की पूछताछ नहीं की जायेगी। क्राइम बोर्ड के विमल जौला ने बताया कि अहिंसा सर्किल पर लोगों को वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग करनें. यातायात नियमों एवं संकेतों का पालन करनें। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल न करनें। दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करनें। दुपहिया वाहन पर केवल दो व्यक्ति बैठने वाहन को निर्धारित गति चलानें। वाहन चलाते समय उचित दूरी बनायें रखनें एवं किसी भी प्रकार का नशा करके वाहन न चलाने के लिए जागरूक किया गया। इस दौरान लोगों को सडक सुरक्षा नियमों का पालन करने की शपथ दिलवाई। क्राइम इन्वेस्टिगेशन बोर्ड के जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र जैन ने बताया कि सड़क सुरक्षा सप्ताह नही पूरे साल भर इस तरह के अभियान चलाया जाए जिससे ज्यादा से ज्यादा लोगो को इस विषय में जानकारी हो।



# मुख्यमंत्री गहलोत ने कमल सचेती को वैश्य भूषण की पदवी से किया अलंकृत



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** अंतरराष्ट्रीय वैश्य महा सम्मेलन, जयपुर सेंट्रल द्वारा आयोजित वैश्य प्रतिभा सम्मान समारोह मे जो रविवार, दिनांक 15 जनवरी 2023, को जयपुर के बिड़ला सभागार में आयोजित हुआ, उसमे जैन सोश्यल ग्रुप्स इंटरनेशनल फेडरेशन के निवर्तमान अध्यक्ष एवं जैन सोशल ग्रुप सेंट्रल संस्था के संस्थापक अध्यक्ष कमल सचेती को, राजस्थान के यशश्वी मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, तकनीकी शिक्षा मंत्री सुभाष गर्ग व महासम्मेलन के केंद्रीय व राज्य स्तरीय पदाधिकारियों के करकमलों से वैश्य भूषण की पदवी से अलंकृत किया गया ।

## सखी गुलाबी नगरी ने किया मकर सक्रांति पर कुष्ठाश्रम मे सहयोग




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

सखी गुलाबी नगरी ने सामाजिक सेवा कार्यक्रम के तहत आगरा रोड स्थित कुष्ठाश्रम में जाकर कुष्ठरोगिओ को गजक, फिनी, तिल के लड्डु, रेवड़ी व उनके रोजमर्रा के उपयोग के लिये सरसों का तेल वितरित किया गया। अध्यक्ष सारिका जैन ने बताया की मकर सक्रांति के दिन किया जाने वाला सहयोग एक पुण्य का कार्य होता है,किसी की सहायता कर एक सुखद एहसास होता है, जो सभी सखी सदस्यों के सहयोग से हम निरंतर इस तरह के समाज सेवा के कार्य कर रहे है।

## मकर संक्रान्ति पर रविवार को राजगढ़ धाम पर उमड़ा सैलाब



**रोहित जैन. शाबाश इंडिया**

**नसीराबाद।** अजमेर जिले के सुप्रसिद्ध सर्वधर्म धार्मिक स्थल श्री मसाणिया भैरव धाम राजगढ़ पर तेज सर्दी के बावजूद मकर संक्रान्ति के शुभअवसर पर रविवार को राजगढ़ धाम पर श्रद्धालुओ का जन सैलाब उमड़ पड़ा। देश-प्रदेश से आए हुए श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए मुख्य उपासक चम्पालाल महाराज ने सर्वप्रथम प्रदेश की जनता को मकर संक्रान्ति की शुभकानाए देते हुए सुखमय व खुशहाली का आशिर्वाद दिया । धाम के प्रवक्ता अविनाश सेन ने बताया कि प्रातः पूजा अर्चना के बाद राजगढ़ ग्रामवासी, श्रद्धालुगण मुख्य उपासक चम्पालाल के सान्धिय में चक्की वाले बाबा के मंदिर से डीजे की धुन से नाचते गाते झण्डे लेकर सदर बाजार होते हुए भैरव धाम पहुंचे। सदर बाजार में राजगढ़ ग्रामवासीयो ने ठिकाना राजगढ के ठा. प्रेम सिंह गौड़ के नेतृत्व में महावीर सेन, श्याम सेन, भागचंद महावर, मुकेश माली, रामकरण, नारायण हाँकला, कमल नागौरा, रामदेव माली, पांचू माली, अमृतलाल माली, लेखराज महावर, नारायण मौर्य ,माणक मौर्य, शंकर जागृत आदि ने मुख्य उपासक चम्पालाल महाराज का 151 किलो की माला,साफा व शॉल ओढाकर भव्य स्वागत सत्कार किया।

## जिन बच्चों को कानों से कम सुनाई देता है उन्हें महावीर ट्रस्ट श्रवण यंत्र (हियरिंग एड मशीन) नि :शुल्क देगा

### महावीर ट्रस्ट की योजना प्रोजेक्ट सुनो

**राजेश जैन दद्दू. शाबाश इंडिया।**

इंदौर। महावीर ट्रस्ट द्वारा कमजोर एवं असहाय बच्चों के लिए एक अभिनव योजना प्रोजेक्ट सुनो...प्रारंभ की जा रही है जिसके माध्यम से महावीर ट्रस्ट **v-guard** के सहयोग से 3 वर्ष से 15 वर्ष तक के ऐसे बच्चों के लिए जिन्हें कम सुनाई देता है उन्हें चिन्हित कर उनके कानों का परीक्षण, उनकी जांचें, उसके पश्चात उनका मेडिकल ट्रीटमेंट या उनको लगने वाली कानो की मशीनें (हियरिंग हेड) आदि महावीर ट्रस्ट के द्वारा निशुल्क प्रदान की जाएगी। इस योजना का शुभारंभ महापौर पुष्प मित्र भार्गव की उपस्थिति में आज दिनांक 17 जनवरी मंगलवार को प्रातः 10:00 बजे से बड़ी ग्वालटोली स्थित श्री राम मंदिर के पीछे आंगनवाड़ी केंद्र इंदौर में किया जाएगा।

# श्योपुर के 2 जैन मंदिरों में हुई चोरी

### जैन मंदिरों में लगातार चोरी से जैन समाज ने व्यक्त किया आक्रोश

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** रविवार की रात को प्रतापनगर के श्योपुर स्थित श्री चन्द्र प्रभू दिगम्बर जैन मंदिर एवं राजेन्द्र सूरी श्वेताम्बर जैन मंदिर में हुई चोरी के साथ ही पिछले दिनों शहर के जैन मंदिरों में हुई चोरी की घटनाओं से जैन समाज में आक्रोश व्याप्त है।जैन समाज की विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों ने पुलिस से जैन मंदिरों में हुई चोरियों का खुलासा करने एवं चोरों को शीघ्रातिशीघ्र पकड़ने की मांग की है। उल्लेखनीय है कि गत दिनों शहर के महल योजना के श्री मुनिसुव्रत नाथ दिगम्बर जैन मंदिर, श्याम नगर में श्री संभवनाथ दिगम्बर जैन मंदिर राधा विहार, दिगम्बर जैन मंदिर,केसर चौराहा स्थित श्री केसरिया पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, मानसरोवर के वर्धमान सरोवर दिगम्बर जैन मंदिर, जनकपुरी दिगम्बर जैन मंदिर,महेश नगर, शक्ति नगर दिगम्बर जैन मंदिर सहित अन्य मंदिरों में चोरी की घटनाएं हुई हैं। श्योपुर के 2 जैन मंदिरों में रविवार की रात हुई चोरी की घटनाओं को लेकर प्रतापनगर सहित सम्पूर्ण जैन समाज ने गहरा रोष व्यक्त किया है। राजस्थान जैन युवा महासभा सांगानेर सम्भाग के अध्यक्ष चेतन जैन निमोडिया ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सात दिवस में चोरियां बरामद नहीं हुई तो जैन समाज अहिंसात्मक आंदोलन करेगा जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। राजस्थान जैन सभा के अध्यक्ष सुभाष चन्द जैन, महामंत्री मनीष बैद, राजस्थान जैन युवा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन, प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा, दिगम्बर जैन मंदिर महासंघ के अध्यक्ष महेन्द्र कुमार पाटनी, भारतवर्षीय दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष राज कुमार कोठ्यारी, दिगम्बर जैन महासमिति राजस्थान के अध्यक्ष रिटायर्ड आई पी एस अनिल जैन, महामंत्री महावीर बाकलीवाल, अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन परिषद के प्रदेश अध्यक्ष अखिल बंसल, अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन युवा परिषद् के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जैन,जैन पत्रकार महासंघ के अध्यक्ष रमेश जैन तिजारिया, महामंत्री उदयभान जैन, सामूहिक जिनेन्द्र आराधना संस्था के अध्यक्ष राकेश गोधा, दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति के संस्थापक अध्यक्ष राकेश गोदीका सहित कई संस्था पदाधिकारियों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए शीघ्रातिशीघ्र चोरों को पकड़ने तथा अपराधियो को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने ,जैन मंदिरों के आसपास गश्त एवं विशेष सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने की मांग की है।